CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 181 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 8 जनवरी 2026

कानूनी पचड़े में फंसी रितेश...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### विषेश सत्र बुलाकर राज्य के ज्वलंत मामलों का निस्तारण करे सरकार

**रुद्रपुर।** बुधवार को काशीपुर बाईपास रोड सिटी क्लब में उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार तथाशीघ्र प्रदेश में ज्वलंत मामलों का निस्तारण के लिए विशेष सत्र बुलाए। सरकार ने 20 सूत्रीय मांग के तहत वनवासियों को दूसरी जगह बैठाया गया। उन वनवासियों को आज अतिक्रमणकारी बताकर उजाड़ रही है। उन्होंने कहा कि भू अधिकार न होने पर उन्हें अतिक्रमणकारी कह रही है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार जब बीएनएस की नई धारा लागू करने के लिए विशेष सत्र बुला सकती है तो उत्तराखंड के ज्वलंत मामलों के लिए क्यों नहीं। कापड़ी का कहना है कि सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में जितनी देरी करेगी उतने साक्ष्य से छेड़छाड़ होगी। सरकार को इस मामले में शीघ्र सीबीआई जांच करानी चाहिए। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। बेटियां सुरक्षित नहीं है।

### सपा विधायक व कद्दावर नेता विजय सिंह गोंड का निधन

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और दुद्धी विधायक विजय सिंह गोंड का लखनऊ के एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव ने की। लंबे समय से बीमार चल रहे विजय सिंह गोंड की दोनों किडनी खराब हो गई थी, जिसके चलते उन्हें एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। प्रदेश की 403वीं अंतिम विधान सभा सीट दुद्धी के आदिवासी राजनीति के 'पितामह' कहे जाने वाले गोंड के निधन से पूरे सोनभद्र और आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। विजय सिंह गोंड आदिवासी समाज की आवाज बुलंद करने वाले अग्रणी नेताओं में शुमार थे।

# तराई में कोहरे से ठिठुरे लोग, मौसम विभाग ने दी ये चेतावनी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव के आसार नहीं हैं। वहीं दृश्यता शून्य की वजह से करीब एक दर्जन ट्रेनें विलंब से चलीं।

बुधवार को सूरज निकलने के बाद भी अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई। पारा सामान्य से करीब 6 डिग्री नीचे रहा। शीत दिवस परिस्थितियां बनने से ठंड अधिक महसूस हुई। कोहरे के चलते रेल यातायात भी प्रभावित रहा। दृश्यता शून्य रहने के कारण करीब एक दर्जन ट्रेनें विलंब से चलीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटों में मौसम में कोई विशेष परिवर्तन आने की संभावना नहीं है। घना कोहरा, शीत लहर और सूरज नहीं निकलने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं, ठंडी हवाओं ने लोगों को टोपी, मफलर, दस्ताने पहनने को मजबूर किया। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो मंगलवार की तुलना में 0.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा।





### बर्फबारी के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर बीकेटीसी सख्त

बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने केदारनाथ धाम में बर्फबारी के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर आपत्ति जताते हुए जिला प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि शीतकाल के लिए केदारनाथ धाम के कपाट बंद है। धाम में बर्फबारी के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करना परंपराओं के विपरीत है। पौराणिक मान्यताओं व परंपराओं के अनुसार शीतकाल में कपाट बंद के दौरान छह माह धामों में देव पूजा का विधान है। तीर्थ पुरोहितों की भावना के अनुरूप धाम के शीतकाल से संबंधित वीडियो व फोटो पोस्ट नहीं होने चाहिए।

### हल्द्वानी में सुबह हल्के कोहरे और ठंडी हवा

हल्द्वानी में बुधवार को तापमान देहरादून से सात डिग्री नीचे रहा। मुक्तेश्वर में न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हल्द्वानी में सुबह हल्के कोहरे और ठंडी हवा के बीच दिन में गुनगुनी धूप ने थोड़ी राहत दी। बुधवार को हल्द्वानी का तापमान देहरादून से सात डिग्री नीचे गिर गया। हल्द्वानी का अधिकतम 14.6 और न्यूनतम 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। देहरादून का दिन का तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मुक्तेश्वर में भी दिन और रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली। मुक्तेश्वर का अधिकतम 11.1 और न्यूनतम 1.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग की ओर से नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में घने कोहरे की आशंका जताई है।

आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# बिल्ली चूहों की दुश्मन है तो क्या उन्हें ले आएं?:सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

एजेंसी

संवेदनशील स्थानों में सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पीठ ने पूछा कि अस्पताल के वार्डों और मरीजों के आसपास कितने कुत्तों को घूमने की अनुमति दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बच्चे, वयस्क, सभी को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर गुरुवार को फिर से सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा जानवरों से होने वाले खतरों और उन्हें नियंत्रित करने में नागरिक अधिकारियों की कथित कमियों को उजागर करने वाली याचिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा, %दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। कुत्तों को अचानक हटाने से क्या होता है? चूहों की आबादी बढ़ जाती है। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं।% उनकी इस दलील पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की, %क्या इसका आपस में कोई संबंध है? हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि वे चूहों की दुश्मन हैं।% इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमने गली के हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया है। उनके साथ नियमानुसार व्यवहार किया जाना चाहिए।



बीते रोज आवारा कुत्तों के मामले पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ में सुनवाई शुक्रवार के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच पीठ ने अपने पहले के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सड़कों से हर आवारा कुत्ते को हटाने का आदेश नहीं दिया गया था। नियमों के तहत उन्हें केवल संस्थागत इलाकों से हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा था कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं है। आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं है। इसे वैज्ञानिक तरीके से करना होगा। समस्या यह है कि कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है।

# बांग्लादेश में हों रहीं हिंसा पर तुरन्त संज्ञान ले सरकार:विधायक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हों रहें अत्याचार एवं हत्याओं को अविलम्ब रोकने हेतु भारत सरकार द्वारा ठोस कार्यवाही की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

कांग्रेस द्वारा ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि पडोसी देश बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद उत्पन्न अराजक परिस्थिति के चलते वहां हिंदू समुदाय सहित अन्य अल्पसंख्यको के विरुद्ध असामाजिक एवं अराजक तत्वों द्वारा निरंतर हिंसक घटनाये की जा रहीं है। हिंदू समुदाय को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। जो अत्यंत निंदनीय, अमानवीय तथा लोकतान्त्रिक एवं मानवीय मूल्यों के सर्वथा विपरीत है। विधायक सुमित ने कहाँ कि कांग्रेसजन भारत सरकार से मांग करते है कि बांग्लादेश में उत्पन्न इन गंभीर हालातो पर तत्काल संज्ञान लेते हुये हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध हों रहीं हिसाक घटनाओ को अविलम्ब रोका जाये। ज्ञापन देने वालो में महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस खष्टी बिष्ट, महानगर महिला अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, नीमा भट्ट, जया कर्नाटक, शोभा बिष्ट, भागीरथी बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, मलय बिष्ट, पार्षद मुकुल बलुटिया, हेमन्त शर्मा, महेशानंद, राजेन्द्र जीना, मयंक भट्ट, योगेश जोशी, राजेन्द्र बिष्ट, प्रदीप नेगी, राजू सुयाल आदि मौजूद रहे।



# बरेली में ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला, दो लोगों की मौत

यूपी

एजेंसी

बरेली के रिठौरा में बृहस्पतिवार सुबह यू-टर्न ले रहे ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचल दिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ई-रिक्शा सवार चारों लोग बोरिंग का काम करने जा रहे थे।

बरेली में बृहस्पतिवार सुबह कोहरे के कारण रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। पूरा ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आने से कुचल गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। जानकारी के मुताबिक नवाबगंज क्षेत्र के यासीननगर निवासी हाशिम अपना ई-रिक्शा लेकर भोजीपुरा क्षेत्र के गांव लाडपुर में काम करने जा रहे थे। ई-रिक्शा में रिछोला निवासी सलीम, नसरुद्दीन और रहीसद्दीन उर्फ मंझले भी सवार थे। ये सभी लोग बोरिंग का काम करते थे। राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक ट्रक चालक यू-टर्न ले रहा था। इसी बीच ट्रक ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया। बताया गया कि चालक ने ट्रक नहीं रोका, जिससे ई-रिक्शा ट्रक के नीचे आ गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। चीख-पुकार मचने पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही रिठौरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# सीएम ने लगाई माता- पिता की मंशा पर मुहर, आज उर्मिला से एसआईटी करेगी पूछताछ

देहरादून

हमारे संवाददाता

अंकिता भंडारी हत्याकांड से संबंधित ऑडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाली अभिनेत्री उर्मिला सनावर से बुधवार को पुलिस ने कई घंटे पूछताछ की। सनावर आज हरिद्वार में एसआईटी प्रभारी के सामने पेश हो सकती हैं। वहीं अंकिता भंडारी के पिता वीरेंद्र भंडारी व माता सोनी देवी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर मुलाकात की।

अभिनेत्री उर्मिला सनावर का सोशल मीडिया पर बुधवार को एक नया वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में उर्मिला ने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक पुलिस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर पूछताछ की। जिसमें मैंने पूरा सहयोग किया और सभी सवालों के जवाब दिए। साथ ही जो भी साक्ष्य थे वो भी उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि अंकिता के साथ न्याय होना चाहिए क्योंकि वो पूरे देश की बेटी थी। उसके लिए भले ही सीबीआई या कोई अन्य उच्च स्तरीय जांच क्यों न करानी पड़े। अगर मेरा नार्को टेस्ट कराने की जरूरत हो तो उसके लिए तैयार हूं।





सनावर ने कहा कि हमारा नाम राजनीति से जोड़ा जा रहा है। कोई कह रहा है कि मैं कांग्रेसी हूं तो कोई कह रहा है कि भाजपा के गुटों में बंटी हुई हैं। उन्होंने अंकिता मामले को लेकर राजनीति न करने की लोगों से गुहार लगाई। साथ ही कहा कि मेरा उद्देश्य सिर्फ यह है कि अंकिता को न्याय मिले। उर्मिला से इन ऑडियो-वीडियो के स्रोत और उसके पीछे की कहानी के संबंध में कई सवाल किए गए। उर्मिला अब बृहस्पतिवार को हरिद्वार में एसआईटी प्रभारी के सामने पेश हो सकती हैं। इस पूछताछ में दोनों प्राथमिकी (नेहरू कॉलोनी और डालनवाला में दर्ज) के विवेचना अधिकारी शामिल रहे। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि उर्मिला को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उर्मिला ने दोनों जांच अधिकारियों को सुरेश राठौर और उनके बीच हुई बातचीत की ऑडियो क्लिप दी हैं। इसे वैज्ञानिक परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। एसएसपी ने बताया कि उर्मिला ने अपनी सुरक्षा के संबंध में जो प्रार्थनापत्र दिया था उस पर एलआईयू से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

# गोल्ज्यू पूजन के साथ उत्तरायणी महोत्सव का आगाज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में बुधवार को स्वस्ति वाचन, शगुन आंखर और गोल्ज्यू पूजन के साथ उत्तरायणी मेले (घुघुतिया त्यार) का आगाज हो गया है।

मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल व समिति के समेत पदाधिकारियों ने गोल्ज्यू पूजन के बाद उत्तरायणी मेले का शुभारंभ किया। पूजन में संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर व बीना कुंवर और अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल व गीता बगडवाल यजमान की भूमिका में रहे। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में 7 से 15 जनवरी तक चलने वाले उत्तरायणी मेले (घुघुतिया त्यार) में लोगों को जहां राजोना पहा ?ी संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने का अवसर मिलेगा। वहीं मंच परिसर में लगे स्टालों में लोगों को पहाड़ी उत्पादों, हस्तशिल्प और ग्रामोद्योग के उत्पाद खरीदने का अवसर भी मिलेगा। देर शाम सांस्कृतिक संध्या में अमित गोस्वामी ने कैले बजे मुरुली, पी जाओ-पी जाओ ठंडो पाणी, काली गंगा को कालो पाणी गीत से समा बांध दिया। जबकि हरेंद्र कठायत ने न्यौली, उत्तराणी त्यार आयी, मेरा हाथ चूड़ियां अंजू बाजनी छम, ओ मेरी पर्मिला तू समझी रहो जान, बन जाली भौजी घास काटन और झोड़ा हाथ दातुली कमर जोड़ी सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



इससे पूर्व सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ लक्ष्मण सिंह लमगड़िया ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के महोत्सव कुमाऊंनी संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और सभ्यता को समझने को मौका मिलता है।

वहीं मेला स्थल पर विभिन्न उत्पादों के करीब 120 से अधिक स्टाल लगाए गए है। इस दौरान महिलाओं की ओर से लगाया गया सना हुआ नीबू के स्टाल लोगों को खासा आकर्षित किया। बच्चों के लिए कई तरह के झूले भी लगाए गए हैं। मेले में मुनस्यारी, पिथौरागढ़, धारचूला, चंपावत और अल्मोड़ा से हस्तशिल्प और ग्रामोद्योग के उत्पाद पहुंचे हैं। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने बताया कि मेले में 14 जनवरी तक रोजाना कुमाउंनी संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम होंगे। जिसमें कुमाऊं भर से लोक कलाकार प्रतिभाग कर रहे है।

**शुभारंभ**

- 15 जनवरी तक बिखरेगी सांस्कृतिक छटा
- 14 जनवरी को शहर में निकलेगी भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा

इस दौरान हुकुम सिंह कुंवर, खड़क सिंह बगडवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, देवेन्द्र तोलिया, त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, भुवन चंद्र जोशी, धन सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, मोहन सिंह बोरा, हेम चंद्र भट्ट, तरूण नेगी, ललित बिष्ट, पुष्पा सम्मल, ऋतिक आर्या, संदीप भैसोड़ा, चंद्रशेख परगांई, नीरज बगडवाल, कमल किशोर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### अस्थामा के मरीजों व नवजात बच्चों की समस्याएं बढ़ी

**नैनीताल** । नैनीताल में वर्तमान में कड़ाके की ठंड के चलते अस्थमा के मरीजों और नवजात बच्चों की समस्याएं बढ़ गई हैं। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को डाकटर उपचार के साथ जरूरी सलाह दे रहे हैं।

बता दें कि नैनीताल में इन दिनों कड़ाके की ठंड पडने लगी है जिसके चलते अस्थमा के मरीजों और नवजात बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि ठंड और कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतें बढ़ जाती हैं। बताया कि ठंड में वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ जाती है। वहीं ठंडी हवा अस्थमा के मरीजों के लिए परेशानी पैदा करती है जिससे उनको सांस लेने में दिक्कतें होती हैं। उन्होंने बताया कि अस्थमा के मरीज ठंड में घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहने। दवाएं समय पर लें। ठंड में गर्म पानी का सेवन करें। ज्यादा दिक्कत होने पर डाकटरी सलाह लें।

### महिला ने व्यक्ति पर गंदी मजाक करने के आरोप लगाए

**नैनीताल** । नैनीताल में एक महिला ने एक व्यक्ति पर आपत्तिजनक और अराजक व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नैनीताल निवासी महिला किसी कार्य से माल रोड क्षेत्र गई थी। महिला ने आरोप लगाया है कि व्यक्ति ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं जिससे वह आक्रोशित हो गई। घटना से आहत महिला बुधवार को मल्लीताल कोतवाली पहुंची और पुलिस से मामले में सखत कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महिला के परिजनों ने भी जमकर हंगामा काटा। मामले में कोतवाली के एसआई प्रवीण कुमार तेवतिया ने बताया महिला से लिखित शिकायत मांगी गई है। फि लहाल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपों की पुष्टि होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### धर्म की रक्षा के लिये भगवान का होता है अवतार



**हल्द्वानी**। श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति हल्द्वानी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास डा नवीन चन्द्र जोशी ने कहा कि धर्म की रक्षा के भगवान अवतार धारण करते हैं। उन्होंने ने कहा कि भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने के लिए भगवान ने नृसिंह अवतार धारण किया।व्यास जी द्वारा समुद्र मंथन की कथा । भगवान ने वामन अवतार धारण कर राजा बलि का उद्धार किया। भगवान ने धर्म की रक्षा करने के लिए श्रीराम के रुप में अवतार धारण कर धर्म की स्थापना की। आज् की कथा में वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति महाराज ने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन को सुधारने के लिए नित्य सत्संग करते रहने चाहिए। मुख्य यजमान सोवन सिंह बिष्ट व अंकुर जोशी डा एस डी तिवारी दयाकिशन पाण्डेय अरबिन्द नेगी ने पूजन किया। आचार्य प्रमोद जोशी प्रकाश जोशी हेम चन्द्र जोशी पं गोबिन्द बल्लभ जोशी ने वैदिक विधि से पूजन किया।

### राम सेवक सभा कराएगी विविध धार्मिक अनुष्ठान



**नैनीताल** । नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा इस वर्ष कई धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष आयोजन किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश चंद्र बबाड़ी ने मीडिया को बताया कि अबकी बार मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाएगा जबकि बसंत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी (शुक्रवार) को सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किया जाएगा। बताया कि जो भी पाल्य अपने बच्चों का उपनयन संस्कार कराना चाहते हो उन्हें पूर्व में सभा में पंजीकरण करना अनिवार्य है ।



# ब्लॉक प्रमुख डा.हरीश बिष्ट ने भेजा कृषि मंत्री को ज्ञापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

किसान बहुउद्देशीय ज्योलीकोट किसान सेवा सहकारी समिति की अध्यक्ष आशा जीना तथा उपाध्यक्ष इंदर सिंह नेगी की मांग को बेहद गंभीरता से लेते हुए नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने सूबे के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को ज्ञापन भेजकर किसानों को उचित मानकों के मुताबिक उचित मुआवजा देने की गुजारिश की है।

बलाक प्रमुख डा.बिष्ट के मुताबिक समिति के दोनों पदाधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया है कि वर्ष 2025-26 दिनांक 31 मई 2025 को 361 काश्तकारों ने फसली बीमा कराया था जो एसबीआई जनरल इंसोरेंस कंपनी ने किया था। बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में अधिक ओलावृष्टि होने से खड़ी फसल आलू व बागबानी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी इतना ही नहीं आलू बीज का उधार भुगतान करना भी किसानों को कठिन हो रहा है। बताया कि नैनीताल जिले के भीमताल समेत धारी व रामगढ़ के काश्तकारों को इंसोरेंस कंपनियों की ओर से प्रीमियम राशि से कम मात्र 1.2 फीसदी मुआवजा दिया जा रहा है जो कि काफी कम है ऐसी दशा में किसान पलायन करने को मजबूर हैं। डा.बिष्ट ने सूबे के कृषि मंत्री से मामले को गंभीरता से लेते हुए इंसोरेंस कंपनियों को उचित मुआवजा उचित मानकों के मुताबिक दिलवाने के लिए निर्देश करने की गुजारिश की है।

# नैनीताल जिले में किसान दिवस का विकासखंडवार रोस्टर तैयार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद अंतर्गत किसानों की विविध समस्याओं/मुद्दों के समाधान और उन्हें तकनीकी एवं वैज्ञानिक रूप से सक्षम व जागरूक बनाने हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय बृहस्पतिवार को विकासखंडवार किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

डीएम रयाल के मुताबिक 8 जनवरी को धारी में जबकि 12 फरवरी को रामगढ़ में वहीं 12 मार्च को रामनगर में,9 अप्रैल को बेतालघाट में,14 मई को ओखलकांडा में जबकि11 जून को कोटाबाग में इसी क्रम में 12 जुलाई को भीमताल और 13 अगस्त 2026 को हल्द्वानी में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।किसान दिवस में कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त विभागों जैसे सिंचाई, ऊर्जा, समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध विकास, पशुपालन तथा गन्ना मंडी परिषद एवं रेशम विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, नाबार्डए,



लीड बैंक प्रबंधक तथा इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। किसान दिवस आयोजन के दिन कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु कृषि एवं अन्य कृषि रेखीय विभाग, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, दुग्ध विकास, रेशम, भेषज, सिंचाई, लघु सिंचाई, उद्योग, सहकारिता, ग्राम विकास, रीप व नाबार्ड बैंक व कृषि विज्ञान केंद्र ,गन्ना मंडी परिषद तथा नाबार्ड एवं बैंक आदि सभी अपने सुसज्जित विभागीय स्टॉल भी लगाएंगे। इस अवसर पर किसान अपने.अपने गांव की समस्याओं को बैठक में रखेंगे तथा उन समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# इस वर्ष नैनीताल के जिला अस्पताल में जुड़ेगी कई सुविधाएं

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्साल में वर्ष इस वर्ष कई सुविधाएं जुडने की उममीद जगी है। जिला अस्पताल में कार्डयिक यूनिट के निर्माण के साथ नई तकनीक वाली एकसरे व अल्ट्रासाउंड मशीन भी स्थापित की जाएंगी जिससे मरीजों को बेहतर लाभ मिलेगा।

बता दें कि नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में समीपवर्ती भवाली, भीमताल, रामगढ़, धारी, पंगोट, गरमपानी तथा खुर्पाताल व ज्योलीकोट क्षेत्र से रोजाना चार सौ से पांच सौ मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं जिसको देखते हुए 121 बैड के इस जिला अस्पताल में आईसीयू, सीटी स्कैन तथा अल्ट्रासाउंड के साथ ही एकसरे तथा ईको, टीएमटी के साथ ही ऑकसीजन जनरेशन प्लांट, बलड बैंक, प्राइवेट वार्ड, एंबुलेंस व लिफट




तथा कैंटीन व जन औषधी केंद्र स्थापित किए गए हैं ताकि दूर दराज से आने वाले मरीजों को जिला अस्पताल में ही बेहतर उपचार मिल सके। मरीजों को और अधिक बेहतर उपचार देने के लिए इस वर्ष भी अस्पताल में कई सुविधाएं जुडने वाली हैं जिससे मरीजों को और बेहतर लाभ मिलेगा। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरु ण कुमार टमटा ने बताया कि वर्ष 2026 में राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में नई तकनीक वाली एकसरे मशीन और अल्ट्रासाउंड मशीने स्थापित की जानी हैं जो जल्द ही अस्पताल में जल्द ही स्थापित कर दी जाएंगी। इसके अलावा ट्रांजिट हॉस्टल तथा कार्डयिक यूनिट और ओपीडी का निर्माण भी होगा।

### युवती ने युवक पर लगाए परेशान करने के आरोप, मुकदमा दर्ज

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने युवक पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी युवती ने शिकायत करते हुए कहा है कि एक युवक जिसको वह स्कूल समय से जानती हैं, जिसके साथ वह डेट पर थी। एक विवाद की घटना के बाद उससे संबंध समाप्त कर दिए लेकिन इसके बावजूद युवक लगातार मुझसे बात करने तथा मिलने का दबाव बनाता रहा। बार-बार मना करने पर भी वह जबरजस्ती करता है। वह प्रतिदिन सैकड़ों बार अलग-अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग कर फ ोन करता है। युवक ने कई बार घर पर बिना सूचना के आकर उसको परेशान किया है तथा उसके घर के बाहर खड़े होकर प्रतीक्षा भी की है।

युवती ने युवक पर सार्वजनिक स्थानों पर रोकने का भी आरोप लगाया है।

# विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी निवासी विवाहिता नेहा खाती ने अपने पति, सास-ससुर एवं देवर पर दहेज उत्पीड़न, गंभीर मारपीट, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। नेहा खाती पुत्री स्वर्गीय रूपसिंह बिष्ट, निवासी सर्वोदय कॉलोनी डहरिया हल्द्वानी का विवाह 3 मार्च 2024 को अमर गार्डन बैंक्वेट हॉल में पिथौरागढ़ निवासी निर्मल खाती पुत्र देवेंद्र सिंह खाती के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। विवाह के समय पीड़िता के परिजनों ने सामर्थ्य अनुसार भारी मात्रा में स्त्रीधन, स्वर्ण आभूषण, नकद 50 हजार रुपये, घरेलू सामान एवं कपड़े दिये थे। पीड़िता के अनुसार विवाह के कुछ ही दिनों बाद से पति का व्यवहार बदल गया। हनीमून के दौरान अंडमान-निकोबार में मामूली बात पर पति द्वारा मारपीट की गई, जिससे उसके कान के पर्दे में छेद हो गया और बाद में गाजियाबाद के निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। इसके बाद भी पति द्वारा मोबाइल चेक करने, चरित्र पर शक करने, गाली-गलौच और मारपीट का सिलसिला लगातार चलता रहा। आरोप है कि सास द्वारा पिता की एफडी तुड़वाने का दबाव बनाया गया और मना करने पर पति ने बेरहमी से मारपीट की। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए। गर्भावस्था के दौरान भी उसे मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। मार्च 2025 में पुत्री के जन्म के बाद भी हालात नहीं बदले। पीड़िता के पिता के निधन के बाद उसे अंतिम संस्कार व तेरहवीं में शामिल होने तक की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद ससुराल में फिर से मारपीट की गई, कपड़े फाड़े गए और ससुर द्वारा बेटी के डीएनए टेस्ट की बात कहकर अपमानित किया गया। अगस्त 2025 में एक बार फिर गंभीर मारपीट के बाद पुलिस की मदद से पीड़िता को मायके लाया गया, जहां से वह अब तक रह रही है।

# अभिमत

## सार्थक पहल

*उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सराहनीय कदम उठाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिये वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर जारी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर सार्थक पहल की है। शासन और प्रशासन के साथ ही साइबर सेल को दलगत राजनीति से हटकर मामले का खुलासा करके दोषी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। मामले को दबाया गया तो भविष्य में स्थिति खतरनाक होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।*

सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर नियंत्रण के लिए सख्त कानून नहीं होने से सामान्य व्यक्ति असहाय महसूस कर रहा है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सराहनीय कदम उठाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिये वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर जारी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर सार्थक पहल की है। शासन और प्रशासन के साथ ही साइबर सेल को दलगत राजनीति से हटकर मामले का खुलासा करके दोषी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। मामले को दबाया गया तो भविष्य में स्थिति खतरनाक होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर उनका दुष्प्रचार किया गया। हरीश रावत ने थाने में वीडियो एवं अन्य साक्ष्य दिये हैं। तहरीर में कहा गया है कि सोशल हैंडल से उनकी छवि खराब करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया फर्जी वीडियो जारी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस तरह के वीडियो से सौहार्द बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। वीडियो में आपत्तिजनक शब्द और चित्रों का प्रयोग किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी धार्मिक भावना और आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। उन्होंने इस मामले में भाजपा पर आरोप लगाया है। यह सिर्फ एक मामला नहीं है। पूरे देश में फर्जी वीडियो प्रसारित होने के मामले उजागर हो रहे हैं। केन्द्र और उत्तराखंड में भाजपा सत्ता में है। हरीश रावत द्वारा भाजपा पर आरोप लगाया गया है, इसलिए इसकी गहन जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी सार्वजनिक किया जाये। कांग्रेस नेता के दर्ज मुकदमे को रफादफा करना उचित नहीं होगा। भविष्य में सत्तारूढ़ दल के साथ अन्य पार्टियां भी एक-दूसरे के नेता की छवि बिगाड़ने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनायेंगी। कानून व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। सोशल मीडिया हैंडल का सदुपयोग राजनीतिक दल अपने प्रचार के लिए करते हैं। अखबार, पत्रिकाएं और इलेक्ट्रानिक मीडिया हमेशा प्रचार का माध्यम रहे हैं। नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर निरंतर जारी रहता है। सोशल मीडिया का दुरुपयोग झूठ और वीडियो से छेड़छाड़ करके प्रसारित करने के लिए किया जा रहा है।

# आईआईएससीः कुमाऊँ विवि को प्रशिक्षण का मौका

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के 6 पीएचडी शोधार्थी एवं दो शिक्षक सदस्य एक सप्ताह के विशेष उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु हेतु चयनित हुए हैं। यह कार्यक्रम देश के अग्रणी शोध संस्थान में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। बता दें यह प्रशिक्षण एएनआरएफ -पेअर परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है जिसकी कुल लागत 1000 करोड़ रुपएं है। इस राष्ट्रीय महत्वाकांक्षी परियोजना में आईआईएससी बेंगलुरु हब संस्थान है जबकि कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल इस परियोजना में चयनित स्पोक विश्वविद्यालयों में से एक है।यह पाँच दिवसीय हैंड्स ऑन कार्यशाला 11 से 15 जनवरी तक आयोजित की जाएगी जिसमें एक्स रे विवर्तन एवं स्कैनिंग इलेट्रॉन माइक्रोस्कोपी जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुपयोगी उन्नत विश्लेषण तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में आईआईएससी के केंद्रीय प्रयोगशालाओं में विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा व्याखयान तथा आधुनिक उपकरणों पर प्रत्यक्ष प्रयोगात्मक प्रशिक्षण शामिल होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(कर्नल)दीवान सिंह रावत ने कहा कि आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में हमारे शोधार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण मिलना कुमाऊँ विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं बल्कि शोध की गुणवत्ता अत्याधुनिक उपकरणों के कुशल उपयोग तथा अंतर संस्थागत अकादमिक सहयोग को भी सशक्त आधार प्रदान करते हैं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण से प्रतिभागी शोधार्थी एवं शिक्षक अपने-अपने विभागों में अर्जित ज्ञान और कौशल का प्रभावी उपयोग करते हुए विश्वविद्यालय की अनुसंधान संस्कृति को और अधिक समृद्ध करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से डॉ. महेश आर्य एवं डॉ. संतोष के. उपाध्याय फैकल्टी प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग करेंगे जबकि शोधार्थियों में श्रेया जुकारिया, प्रियंका तिवारी, राहुल आनंद, अक्षय कंबोज, कुणाल जोशी एवं पंकज पंत शामिल होंगे।

## हफ्ते भर के भीतर दे सकते हैं दुर्घटना पर लोग अपना बयानः एडीएम

**नैनीताल।** जनपद नैनीताल के मुखानी (हल्द्वानी) क्षेत्र में नगर के मध्य स्थित निर्माणाधीन सड़क पर कार्यदायी एजेंसी द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों के बिना गड्ढा खुला छोड़े जाने तथा उक्त मार्ग पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा यातायात को जारी रखने के आदेश के मध्य उत्पन्न परिस्थितियों में 5 जनवरी 2026 (सोमवार) को एक दुर्घटना घटित हुई जिसमें एक किशोर की मृत्यु हो गई।

घटना की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल द्वारा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)नैनीताल को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय ने आम जनता को सूचित करते हुए उनसे अपील की है कि उक्त दुर्घटना के कारणों के संबंध में जानकारी रखने वाले संबद्ध व असंबद्ध या अन्य व्यक्तियों से अपेक्षा है कि आगामी 7 दिवस के अन्दर अपना मौखिक/ लिखित बयान/अभिकथन अथवा उक्त के संबंध में कोई साक्ष्य हों तो किसी भी कार्य दिवस के दिन उनके कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से कारपेंटर की मौत, परिजनों ने कार्रवाई की मांग की

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

गोला पार खेडा चौराहे पर एक दर्दनाक सड़क दो माह पूर्व बरेली निवासी कारपेंटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान असलम पुत्र शकूर अहमद, निवासी ग्राम रम्पुरा, जिला बरेली के रूप में हुई थी। घटना 4 नवंबर 2025 की शाम लगभग 6:30 से 7 बजे के बीच की बताई जा रही थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार असलम अपने साथी नासिर सैफी के साथ स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर चोरगलिया से हल्द्वानी की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे खेडा चौराहे पर पहुंचे, सामने से आ रही एक स्कूटी के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए अचानक अपनी लेन बदल दी और मोटरसाइकिल को जोरदार टकर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। असलम के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई, जबकि नासिर सैफी भी घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने असलम को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी शहाना और परिजन भी अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूरी कराई। मृतक की पत्नी शहाना ने बताया कि पति की असामयिक मृत्यु से वह मानसिक सदमे में थी, जिस कारण तहरीर देने में विलंब हुआ। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि हादसे के लिए जिम्मेदार स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

## युवक से मारपीट, जानलेवा हमला करने का आरोप

**हल्द्वानी।** शहर के तीनताश क्षेत्र में एक युवक पर मारपी में जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। विक्रम सिंह देऊपा नामक युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि तनुजा ठाकुर और उनके पति ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। विक्रम सिंह देऊपा ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि वह अपने ममेरे भाई गौरव मेहता के साथ छड़ायल चौराहे से अपने घर तीनताश की तरफ बाईक से जा रहा था, तभी तनुजा ठाकुर अपने पति के साथ स्कूटी से पीछे से आ रही थी। उन्होंने बताया कि अचानक गा ?ी मो ?ते वक्त ब्रेक लगाने की बात को लेकर तनुजा ठाकुर और उनके पति ने उनके साथ बत्तमीजी करने लगे और धमकी देने लगे। विक्रम सिंह देऊपा ने बताया कि जब वह मॉफी मांगकर आगे जाने लगा, तो तनुजा ठाकुर ने अपने भाई विशाल ठाकुर, अंकित ठाकुर और हेमन्त ठाकुर को बुला लिया, जिन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। विक्रम सिंह देऊपा ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# फिल्मी दुनिया

## कानूनी पचड़े में फंसी रितेश देशमुख की फिल्म मस्ती 4



*एडल्ट कॉमेडी फिल्म 'मस्ती 4' मुश्किलों में फंस गई है। फिल्म के मेकर्स के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय स्टारर एडल्ट कॉमेडी फिल्म 'मस्ती 4' अपनी ओटीटी रिलीज से पहले अब मुश्किलों में फंस गई है। थिएटर में फिल्म के रिलीज होने के बाद लगभग डेढ़ महीने बाद फिल्म पर केस हो गया है। आरजे और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर आशीष शर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में फिल्म के एक सीन को लेकर निर्माताओं के खिलाफ अब मामला दर्ज कराया है।*

*लाइव लॉ के मुताबिक, आरजे व इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर आशीष शर्मा ने मस्ती 4 के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने दावा किया है कि फिल्म में उनकी जनवरी 2024 में वायरल हुई एक रील का इस्तेमाल बिना उनकी सहमति या उन्हें श्रेय दिए किया गया है। इस रील का शीर्षक शक करने का नतीजा% था और इसमें आरजे तृप्ति भी नजर आई थीं। इसके साथ ही अब उन्होंने अपनी इस क्रिएटिव प्रॉपर्टी के बिना स्वीकृति उपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए मुआवजे की और पूर्ण लाभ रिपोर्ट की मांग की है। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'मस्ती 4' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी और औंधे मुंह गिरी थी। यह साल 2004 में 'मस्ती' फिल्म से शुरू हुई फ्रेंचाईजी की चौथी फिल्म है। इससे पहले इस फ्रेंचाईजी की तीन फिल्में 'मस्ती', 'ग्रैंड मस्ती' और 'ग्रेट ग्रैंड मस्ती' रिलीज हो चुकी हैं। पहली फिल्म के बाद से ही ये फ्रेंचाइजी एक एडल्ट कॉमेडी फिल्मों की फ्रेंचाईजी बन गई है। फिल्म के चारों पार्ट में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

### जारी किया नोटिस

*इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला कर रहे हैं, जो एकल न्यायाधीश पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं। अदालत ने फिल्म निर्माताओं को नोटिस जारी किया है और आगे की कार्रवाई से पहले उनसे जल्द ही जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी 2026 को होने की उम्मीद है।*

# फुटपाथों पर वाहन स्वामियों व फड़ कारोबारियों का कब्जा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

**दिक्कत**
- जिला प्रशासन कर रहा अनदेखी

नैनीताल में पर्यटन गतिविधियों को बढने के चलते यहां वाहनों, दुकान तथा रेस्टोरेंट व फड़ों की संखया बढ़ रही है जिसके चलते कई वाहन स्वामियों व लोगों ने यहां के फुटपाथों पर कबजा कर लिया है कहीं कारोबारियों ने फुटपाथ को पार्किंग स्थल बना दिया है तो कहीं फुटपाथ पर दुकान तथा रेस्टोरेंट व फड़ चलाए जा रहे हैं जिसके चलते स्थानीय लोगों व पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि नैनीताल में दिन प्रतिदिन पर्यटकों व बाहरी कारोबारियों की संखया बढने लगी है। इसके चलते अब नगर की फुटपाथों पर भी लोगों व कारोबारियों का कब्जा होने लगा है। तल्लीताल नया बाजार में लोग फुटपाथ पर सालों से दिन रात अपने वाहन पार्क कर रहे हैं। इसके चलते लोग सड़क में चलने को मजबूर हैं वहीं मल्लीताल क्षेत्र में तिब्बती बाजार में पार्किंग की ओर से अवैध फड़ लगाए जा रहे हैं। न्यू पालिका बाजार में भी रेस्टोरेंट के आगे अतिक्रमण कर वहां कुर्सी मेज लगाई गई हैं इससे लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतें होती हैं।

वहीं देर शाम मालरोड किनारे फड़ लगने के बाद लागों को बीच सड़क चलना पड़ता है लेकिन जिला मुखयालय होने के बाद भी प्रशासन या पालिका का इस पर कोई ध्यान नहीं जिसके चलते आए दिन यहां के फुटपाथ गुम होते नजर आ रहे हैं। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि पालिका के साथ मिलकर फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा साथ ही वेंडिग जोन के अलावा किसी भी क्षेत्र में फड़ लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

News कॉर्नर

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया आईटीबीपी क्षेत्र में पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 541वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 541वें दिन आइटीबीपी सातवीं वाहिनी मिर्थी में आईटीबीपी के एजूडेट गिरधर सिंह ने पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण प्रकृति की सच्ची पूजा है सभी को इस अभियान से जुडना चाहिए । कार्यक्रम में डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल तथा प्रदीप कन्याल उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली गांव निवासी गजेंद्र सिंह मेहरा ने साथ हुई मारपीट मामले में पुलिस पर शिकायत दर्ज न करने के आरोप के बाद पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।गजेंद्र के अनुसार बीते दिनों कार्य निपटाने के बाद वह अपने गांव मंगोली लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास एक व्यक्ति ने उन पर अचानक हमला कर दियाए जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावर ने न्यायालय से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज फ ाड़ दिए तथा मोबाइल फ ोन तोड़ दिया तथा सोने की अंगूठी व चेन छीन ली, साथ ही उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की सूचना तुरंत 112 पर दी गई लेकिन अगले दिन मंगोली चौकी और बाद में नैनीताल कोतवाली पहुंचने पर भी पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया था। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में मंगोली निवासी किशन सिंह मेहरा के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विधायक ने दी नये साल पर रुद्रपुर वासियों को बड़ी सौगात

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा का 2022 चुनावी के समय लिया गया संकल्प रुद्रपुर के युवाओं के लिये अपना खेल का मैदान हो, जिसको वर्ष 2023 में विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मोदी मैदान मे इनडोर -आउटडोर स्टेडियम निर्माण का लेकर प्रस्ताव दिया था। सीएम ने प्राथमिकता के आधार पर लेते हुऐ मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने का कार्य किया विधायक ने जिला विकास प्राधिकरण में बुधवार को अधिकारियों संग मोदी मैदान के निर्माण कार्य आरम्भ होने व उसकी फाइनल डिजाइन पर विस्तृत बैठक कर चर्चा की। विधायक ने बताया



2026 नये साल पर रुद्रपुरवासियो के लिये मोदी मैदान अब खेल का स्टेडियम बनने जा रहा है। जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन व उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई है। जिसमें मोदी मैदान में स्टेडियम निर्माण कार्य अब शुरू होने की ओर है। उनके प्रस्ताव पर मोदी मैदान में स्टेडियम निर्माण जिसको मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किया गया था वर्ष 2024 के मई में तत्कालीन डीएम उदयराज सिंह ने 20 एकड़ भूमि जिला विकास प्राधिकरण को हस्तांतरण कर दी थी,उसके बाद लगातार इसके कार्य प्रगति को लेकर विधायक विकास प्राधिकरण से लेकर देहरादून तक दौड़ते रहे । विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि अब सारी औपचारिकता पूर्ण करते हुऐ मोदी मैदान में स्टेडियम निर्माण के पहले चरण का कार्य शुरू होने की स्थिति में आ गया है। जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि जनवरी माह के पहले चरण के निर्माण कार्य का टेंडर लगा दिया जायेगा। पहले चरण में मोदी मैदान में चारो ओर बाउंड्रीवाल, गेट, साईकिल ट्रेक, ओपन एमपीथियेटर, छोटे बच्चों के खेलगतिविधि ब्लॉक, मैदान का सौंदर्यकरण ओर बाउंड्री के चारो ओर 500 वाहनों की शमता वाली पार्किंग सुविधा की व्यवस्था की जायेगी। दूसरे चरण में दर्शक दीर्घा, वालीबॉल, क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबॉल जैसी खेल गतिविधि के लिये जोनवाइज ब्लॉक बनाकर निर्माण किया जायेगा। पहले चरण में 20 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य होगा। विधायक ने कहा कि निश्चित रूप से यह मात्र एक घोषणा नहीं यह कार्य अब रुद्रपुर की जनता को धरातल पर नजर आएगा। इतना बड़ा खेल स्टेडियम की सौगात रुद्रपुर की जनता को मिलने जा रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री का रुद्रपुर की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

# सीपीयू ने रोडवेज बस चालक को नशे की हालत में बस चलाते पकड़ा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

सीपीयू ने चेकिंग के दौरान रोडवेज बस चालक को नशे की हालत में बस चलाते पकड़ लिया। बाद में सीपीयू ने बस को सीज कर चालक को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बुधवार सीपीयू प्रभारी एसआई गोधन सिंह अपनी टीम के साथ नैनीताल हाईवे पर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे।

इस दौरान उत्तराखंड रोडवेज बस नंबर यूके 04 पीए 1137 के चालक बस को चलाने के दौरान लहराते देख संदेह होने पर पीएसी के पंप के पास रोडवेज बस को रोक लिया। सीपीयू प्रभारी के मुताबिक बस को आगरा लेकर जा रहा चालक बस के खराब होने पर मुरादाबाद से किसी तरह बस को लेकर वापस लौट रहा था। उन्होंने चालक मोहम्मद जाहिद पुत्र मोहम्मद अली निवासी वार्ड नंबर पांच नई बस्ती काठगोदाम जनपद नैनीताल को नीचे उतार कर एल्कोहल मीटर से जब उसकी जांच की तो उसके



नशे में होने की पुष्टि हुई। जिस पर उन्होंने रोडवेज बस को सीज कर उसे पुलिस लाइन में खड़ा कर दिया। इसके बाद नशे की हालत में पकड़े गए चालक को कोतवाली रुद्रपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि बस सीज कर दी गई। उन्होंने इस मामले से रोडवेज के संबंधित अधिकारियों को भी अवगत कराया है। टीम में हेड कांस्टेबल मनीष पंत,हेड कांस्टेबल कमल कुमार,हेड कांस्टेबल विरेंद्र सिंह,हेड कांस्टेबल नारायण सिंह, गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**कार्रवाई**

- कोतवाली पुलिस के सुपुर्द,बस सीज,बस हल्द्वानी से आगरा जा रही थी

# उत्तराखण्ड की संस्कृति, देवी-देवताओं व कुमाऊँनी महिलाओं का अपमान कर रही ज्योति

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड की संस्कृति, देवी-देवताओं और कुमाऊँ की महिलाओं के कथित अपमान को लेकर हल्द्वानी में आक्रोश का माहौल बन गया है।

इस संबंध में हिम्मतपुर मल्ला, हल्द्वानी निवासी जूही चुफाल पुत्री पूरन सिंह चुफाल ने मुखानी थाने में तहरीर देकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के आधार पर ज्योति अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि ज्योति अधिकारी पत्नी गोपाल सिंह अधिकारी, निवासी हरिपुर लालमणी, किशनपुर घु ?दौ ?ा, हल्द्वानी द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हाथ में दराती लहराते हुए उत्तराखण्ड की महिलाओं, स्थानीय संस्कृति तथा हिन्दू देवी-देवताओं के प्रति बेहद अपमानजनक भाषा और टिप्पणियों का प्रयोग किया गया।

आरोप है कि वीडियो में कुमाऊँ की महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान दिए गए, जिससे न केवल नारी शक्ति का अपमान हुआ, बल्कि धार्मिक आस्थाओं और पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों को भी ठेस पहुंची। जूही चुफाल ने अपनी तहरीर में कहा कि वह उत्तराखण्ड की निवासी होने के नाते राज्य की संस्कृति, देवी-देवताओं और महिलाओं के प्रति गहरा सम्मान रखती हैं।

सोशल मीडिया पर प्रसारित इन वीडियो को देखकर वह स्वयं आहत हुई हैं और उनका कहना है कि इस घटना से उत्तराखण्ड की महिलाओं और आम जनता में भारी रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मांग की है कि उक्त कृत्य को गंभीरता से लेते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दोषी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। मुखानी थाना प्रभारी सुशील जोशी का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

**आरोप**

- महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर
- पब्लिक प्लेस पर दराती लहराकर आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग का आरोप

# वाहन चेकिंग में 17 ई रिक्शा सहित अन्य वाहन किए सीज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों के द्वारा आयुक्त कुमाऊं मंडल के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में रात्रि चेकिंग की गई । यह चैकिंग अभियान ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध संचालित किया गया जोकि लाइट ऑफ करके वाहन संचालित करते हैं जिसे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है ।

इस संबंध में इंटरसेप्टर प्रभारी पवन कुमार और परिवहन कर अधिकारी जगदीश चंद्र के द्वारा विशेष चेकिंग अभियान नैनीताल रोड और कालाढूंगी रोड पर चलाया गया । इस चेकिंग अभियान में सहायक उप निरीक्षक आरसी पवार एवं गिरीश कांडपाल के साथ-साथ परिवहन पर्यवेक्षक चंदन सप्याल, अरविंद कुमार, रोहित, विनय कुमार, सुनील आदि सम्मिलित रहे। चेकिंग अभियान में ई रिक्शा वाहनों की हेडलाइट, रिफ्लेक्टर व प्रपत्रों को चेक किया गया। 25 वाहनों के चालान किए गए। लाइट बंद कर वाहन संचालित करने के अभियोग में 17 ई रिक्शा को सीज किया। इस दौरान वाहन चालकों को निर्देश दिए हैं कि वहां को नियम अनुसार चलाएं नहीं तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी



## 17 वर्षीय किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 34 मल्ला ब्यूरा की निवासी 17 वर्षीय किशोरी कु. तनुजा शर्मा रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई है। तनुजा, केशव दत्त शर्मा की पुत्री है। परिजनों के अनुसार वह 30 दिसंबर को अपने गांव भदयूनी के लिए गई थी। इसके बाद 6 जनवरी की रात लगभग सात बजे परिजनों की उससे फोन पर अंतिम बार बात हुई थी। इसके अगले दिन सुबह परिजनों को सूचना मिली कि तनुजा घर पर मौजूद नहीं है और उसका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों ने सभी रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क कर तलाश की, लेकिन किशोरी के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। परिवार ने आशंका जताते हुए प्रशासन से किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर शीघ्र तलाश किए जाने की मांग की है।

## पंजाबी महासभा के सदस्य उपाध्याय के निधन पर शोक

**नैनीताल ।** पंजाबी महासभा के सक्रिय सदस्य एवं मनु महारानी होटल के पूर्व मैनेजर पवन कुमार उपाध्याय के आकस्मिक निधन पर महासभा ने गहरा दुख जताया है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए महासभा द्वारा शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा।शोक सभा ने निर्णय लिया गया कि आगामी लोहड़ी पर्व का त्योहार जो कि हर वर्ष मनाया जाता है इस वर्ष नहीं मनाया जायेगा। शोक सभा में प्रवीण शर्मा, राजीव गुप्ता, प्रेम कुमार शर्मा, अमरप्रीत सिंह , संदीप भुट्टर तथा सुमित खन्ना मौजूद रहे।

# ओखलकांडा के ढोलीगांव में लगा बहुउद्देशीय शिविर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जन-जन की सरकार- जन जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद नैनीताल के विकासखंड ओखलकाण्डा की न्याय पंचायत सुनकोट के ढोलीगांव में बुधवार को बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा विभागीय स्टॉल के माध्यम से स्थानीय जनता को मौके पर ही राज्य एवं केन्द्र सरकार की जनोपयोगी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही विभागीय सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में लगभग 212 लोगों द्वारा सीधा लाभ लिया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता द्वारा स्वयं की एवं क्षेत्र के विकास से संबंधित समस्याओं को रखा गयाए जिन पर विभागवार कार्यवाही की गई। शिविर में 43 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया।शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा विभागीय स्टॉल के माध्यम से स्थानीय जनता को योजनाओं से लाभान्वित किया गया साथ ही विभागीय सेवाएं ग्रामीणों को प्रदान की गई। शिविर में दर्जा राज्यमंत्री शांति महरा, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, क्षेत्र प्रमुख के0.डी0.रूवाली, सदस्य जिला पंचायत बहादुर सिंह नगदली, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश नयाल समेत मनोज सुयाल, जिला सहायक निबन्धक नैनीताल डी एस नपलच्याल,खण्ड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# साईबर ठगों ने अब डिजिटल अरेस्ट कर महिला से सवा करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

साईबर ठगों ने अब डिजिटल अरेस्ट का खौफ दिखाकर एक महिला से सवा करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। ठगों ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) का अधिकारी बताकर महिला को उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग होने और मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। घबराहट में आकर महिला ने ठगों द्वारा बताए गए खाते में अपनी जीवन भर की पूंजी जमा कर दी। साईबर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अल्मोड़ा जनपद के दनिया थाना क्षेत्र स्थित मिर्तोला आश्रम निवासी चित्र



अय्यर साह पत्नी राजेश साह ने कुमाऊं परिक्षेत्र के साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक 11 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 के बीच उनके मोबाइल नंबरों पर विभिन्न अज्ञात नंबरों से व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वालों ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया का अधिकारी बताया। जालसाजों ने महिला से कहा कि उनका आधार कार्ड एक बैंक खाते से लिंक है, जिसमें 5000 से अधिक लोगों ने संदिग्ध रूप से पैसे डाले हैं और उन सभी लोगों ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ठगों ने कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया और सख्त हिदायत दी कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, वह किसी से बात नहीं करेंगी। फोन पर ही नजर रखते हुए ठगों ने कहा कि यदि उन्होंने किसी को इस बारे में बताया तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए आरोपियों ने महिला को झांसा दिया कि उन्हें अपने बैंक खाते की सारी धनराशि 'सीक्रेट सुपरविजन अकाउंट' में डालनी होगी, जो जांच के बाद वापस कर दी जाएगी। अत्यधिक मानसिक दबाव और घबराहट के चलते पीड़िता ने 31 दिसंबर 2025 को अपने एचडीएफसी बैंक खाते से 1,20,18,000 (एक करोड़ बीस लाख अठारह हजार) रुपये चेक के माध्यम से ठगों द्वारा बताए गए आईसीआईसीआई बैंक के खाते में स्थानांतरित कर दिए। पैसे भेजने के बाद जब उन्हें संदेह हुआ और मामले की जानकारी जुटाई, तो उन्हें अहसास हुआ कि वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो चुकी हैं। साईबर थाना पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस और 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस अब उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों को खगाल रही है, जिनके जरिए इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया।

**मुकदमा**

- साईबर क्राइम पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की